सेवा में,

समन्वयक
उत्तर प्रदेश राज्य जैव ऊर्जा विकास बोर्ड
लखनऊ, उत्तर प्रदेश।

आदरणीय महोदय,

कृपया सादर अवगत कराना है कि **''सफल किसान प्रोड्यूसर कम्पनी लि0, झाँसी''** की स्थापना **उत्तर प्रदेश राज्य जैव ऊर्जा विकास बोर्ड के** तकनीकी सहयोग से। वर्तमाान में **कम्पनी** 200 से अधिक शेयर होल्डर के साथ जनपद झाँसी में संचालित है। जिसका एकमात्र उद्देश्य बुन्देलखण्ड में किसानों को एकीकृत करके संघत क्षेत्र में बुन्देलखण्ड के उत्पाद कठिया गेहूँ तथा यहां के परम्परागत खाद्यानों की खेती को पुर्नजीवित करना है। जिससे आमजन को स्वास्थ्य वर्धक आहार उचित मूल्य पर उपलब्ध कराया जा सके। साथ ही कृषकों की आय में भी वृद्धि की जा सके।

उक्त उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए रबी 2018 में कुल 20 एकड़ में कठिया गेहूँ की खेती करवाई गई, जिसके फलस्वरूप कुल 180 कु0 उपज प्राप्त किया। जिसे प्रोसेस करने के बाद 4500 रू0 प्रति कु0 की दर से लखनऊ व दिल्ली में जैविक खाद्यान्य विकेताओं को बेचा गया। साथ ही स्थानीय संभ्रान्त व्यक्तियों एवं अधिकारियों को इसका दलिया उपलब्ध कराया गया। जिसके मानक एवं उसकी गुणवत्ता की उनके द्वारा सराहना भी की गई।

स्थानीय कठिया बीज की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए अलग–अलग स्थानों से परम्परागत ढंग से उगाये गये गेहूँ को लेकर हैंड ग्रेडिंग द्वारा अच्छे जमाव वाला बीज कृषकों को वितरित किया गया। रबी 2019 में क्षेत्रफल में वृद्धि करते हुए 70 एकड़ क्षेत्रफल में कठिया गेहूँ की बुआई करते हुए उत्पादन कराया गया।

उक्त फसल को कृषि विभाग के सहयोग से PGS के माध्यम से जैविक प्रमाणीकरण की प्रकिया भी अपनाई गई। जिसके लिए उप कृषि निदेशक, झाँसी (Regional Council) के माध्यम से आवश्यक कार्यवही की गई।

कोविड 19 महामारी में जहॉ एक तरफ लाक डाउन के कारण किसानों को अपनी फसल बेचने में कठिनाई हो रही थी वहीं ''सफल किसान प्रोड्यूसर के द्वारा कृषकों के उत्पाद को सुनिश्चित कय के माध्यम से 511 कु0 की खरीद रू0 3500 की दर से किसानों के Door step/उत्पादन स्थल से की गयी।

हमारे सदस्यों के द्वारा उत्पादित खाद्य उत्पादों के प्रसंस्करण तथा विपणन हेतु ग्राम–हाटी, तहसील–टहरौली, जिला–झाँसी में एक बहुउद्देशीय परिसर की स्थापना भी की जा रही है। इस परिसर में कठिया गेहूँ का दलिया, आटा, दालें एवं सरसों के तेल को भण्डारण एवं प्रसंस्कृत करने की योजना है।"बहुउद्देशीय परिसर" का शिलान्यास जिलाधिकारी, झाँसी श्री आन्द्रा वामसी जी के कर कमलों द्वारा दिनांक 30.07.2020, किया गया। "बहुउद्देशीय परिसर" का निर्माण कार्य वर्तमान में चल रहा है तथा इसके अक्टूबर 2020 में पूरा होने की सम्भावना है।

हमारे संगठन की इस यात्रा में जैव ऊर्जा विकास बोर्ड द्वारा मिल रहे तकनीकी सहयोग के लिये हम सभी निदेशक एवं शेयर होल्डर आपके सदैव कृतज्ञ रहेंगे।

12.8.2020

भवदीय

(अमित कुमार पाण्डेय)
निदेशक,
सफल किसान प्रोड्यूसर कम्पनी लि0,
जनपद झाँसी।